# जेवर एयरपोर्ट के लिए स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट साइन, तेज होगी निर्माण कार्य की रफ्तार

■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ : जेवर एयरपोर्ट के विकास कार्य में तेजी आए, इसके लिए सोमवार को यमुना इंटरनैशनल एयरपोर्ट और नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट के बीच स्टेट सपोर्ट अग्रीमेंट साइन किया गया। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि कोविड-19 की विभीषिका के बावजूद अब तक जिस तेजी, पारदर्शिता और तय समय से जेवर एयरपोर्ट के काम हुए हैं, उससे प्रदेश की नई कार्य संस्कृति विकसित हुई है। इस एयरपोर्ट में हवाई पट्टियों की संख्या 2 से बढ़ाकर 6 करने का निर्णय लिया गया है। सीएम ने जेवर एयरपोर्ट बना रही कंपनी ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनैशनल एजी के कार्यों की सराहना की और उनके जनप्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि सरकार से उन्हें हर संभव मदद मिलेगी।

> सीएम ने कहा, एयरपोर्ट विकसित करने में हरसंभव मदद करेगी राज्य सरकार

## 3 साल में 5 एयरपोर्ट शुरू

सीएम योगी ने कहा कि 2017 में प्रदेश में सिर्फ दो हवाई अड्डे (लखनऊ और वाराणसी) ही क्रियाशील थे। उसके बाद तीन साल में गोरखपुर, हिंडन, आगरा, प्रयागराज और अब बरेली सहित 5 अन्य एयरपोर्ट शुरू हो गए हैं। पहले प्रदेश में दो इंटरनैशनल एयरपोर्ट थे, लेकिन अब कुशीनगर और अयोध्या के एयरपोर्ट के साथ बहुत जल्द यहां 5 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट होंगे। इसके अलावा कई एयरपोर्ट और 7 हवाई पट्टियों को विकसित किया जा रहा है।



## तेजी से करें परिवारों का पुनर्वास

जेवर एयरपोर्ट निर्माण से प्रभावित परिवारों के विस्थापन कार्यों की समीक्षा करते हुए सीएम ने कहा कि इन परिवारों से संवाद बनाए जाए। उनके बेहतर विस्थापन की व्यवस्था हो। सीएम ने कहा कि रनवे में आने वाले इस क्षेत्र के सभी जनता जनों की आबादी को सबसे पहले शिफ्ट किया जाए। यह काम हर हाल में 6 महीने तक पूरा कर लिया जाए। सीएम ने कहा कि विस्थापन के लिए अपर आयुक्त मेरठ मंडल की अध्यक्षता में समिति गठित किया जाए। बैठक के बाद में रिटायर्ड अधिकारियों और सेवानिवृत्त न्यायाधीश को नामित किया जाना उचित होगा।

## कंपनी को पूरा सहयोग देगी सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जेवर एयरपोर्ट के लिए चार लेन की कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करेगी। वर्तमान सड़कों के अपग्रेड, चौड़ीकरण और मेंटेन किए जाने का काम होगा, साथ ही एयरपोर्ट को मेट्रो रेल से भी जोड़ने का पूरा प्रयास किया जाएगा। यही नहीं यूटिलिटी से संबंधित सभी सेवाओं को पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट जेवर के अंदर और बाहर स्वच्छता और सुरक्षा प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाना चाहिए।